डेनमार्क की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

चर्चा में क्यों?

10 अक्टूबर, 2021 को **डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन** ने अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान ताजमहल एवं आगरा किले का भ्रमण किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि डेनमार्क की प्रधानमंत्री जनवरी 2020 में **तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के पश्चात् भारत आने वाली किसी देश की पहली शासनाध्यक्ष** हैं।
- उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष ही भारत-डेनमार्क द्वारा 'ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप' की घोषणा की गई थी, जिसका **उद्देश्य आर्थिक सहयोग के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से संबंधित वैश्विक मुद्दों पर आपसी सहयोग को बढ़ावा देना** है।
- मुगल बादशाह **शाहजहाँ द्वारा अपनी बेगम मुमताज महल (अर्जुमन बानो) की याद में बनवाया गया ताजमहल** , मुगल वास्तुकला का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इसमें पित्रा-दूरा शैली का प्रयोग करते हुए अलंकरण किया गया है।
- गौरतलब है कि **वर्ष 1983** में आगरा स्थित ताजमहल को यूनेस्को द्वारा **विश्व विरासत स्थल सूची में शामिल** किया गया था। साथ ही यह **दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-of-denmark-visit-to-india